हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

12 लोहड़ी सर्द ऋतु की विदाई, नई फसल की ...



12 शिक्षा मूल्यों का भावी पीढ़ी में ...








# शीत लहर के आगे पारे ने टेके घुटने, जमने लगी ओस की बूंदें

जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित, धुंध की वजह से ठिठक रहे वाहनों के कदम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- कड़ाके की ठंड सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा।
- ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया

बीते तीन दिनों की भांति मंगलवार को भी हाड़ कंपा देनी वाली ठंड रही। शीत लहर के आगे पारा पूरी तरह से बेबस नजर आया। धीमी गति से चल रही हवा के चलते पारा 3 तीन डिग्री सेल्सियस से उपर नहीं उठा। यह स्थिति करीब आठ घंटे बनी रही। पारा जमा बिंदू के आसपास रहने की वजह से फसलों पर गिरी औंस की बूंद जम गई। गेहूं व झाड़ियों पर गिरी बूंदे मोतियों के समान नजर आ रही थी। नौ बजे के आसपास सूर्यदेव के दर्शन हुए तो पारे ने हौंस संभाला और उपर बढ़ना शुरू हुआ।

मंगलवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त धुंध की चादर तनी हुई थी। कुछ देर बाद धीमी गति से हवा बहने लगी। आसमान में धुंध के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। बादलों के आवाजाही के बाद सूर्य देव की चटक धूप खिलनी शुरू हुई। कुछ देर तक कभी धूप तो कभी छाव रही। 11 बजे तक पारा संभलकर 12 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जिसके बाद लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिली। उसके बाद शाम ढलते ही फिर से कड़ाके की ठंड ने लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना आरंभ कर दिया। फिर से पारा नीचे लूढकना शुरू हो गया। कड़ाके की ठंड सडकों पर सन्नाटा पसरने लगा। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। चूंकि कड़ाके की ठंड क वजह से लोगों की कंपकपी छूटती रही थी।



### मोतियों जैसी लग रही थी ओस की बूंदें

पारा जमाव बिंदू की तरफ पहुंचने की वजह से फसलों के पौधों पर गिरी ओस की बूंदे जम गई। खासकर गेहू व सरसों के पौधों पर गिरी ओस की बूंद बर्फ में तब्दील हो गई। दूर से देखने पर बूंदे मोतियों जैसी लग रही थी। यह स्थिति सुबह छह से सात बजे के बीच बनी। दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड की वजह से रबी की फसलों में फायदा होगा। क्योंकि अभी सरसों व गेहूं की फसल में फुटाव बन रहा है। फुटाव को बढने लिए फिलहाल अनुकूल मौसम है । अगर फुटाव बढैगा तो फसलों की औसतन पैदावार भी बढेगी।

# कर्मचारियों ने 16 जनवरी से भूख हड़ताल पर जाने का किया ऐलान

बोर्ड प्रशासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के गलियारों में उस वक्त हलचल तेज हो गई जब कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ) ने बोर्ड प्रशासन की शोषकारी नीतियों और अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को द्वार सभा का आयोजन किया। कर्मचारियों ने ना केवल प्रशासन के रवैये की निंदा की, बल्कि दो टूक शब्दों में अल्टीमेटम देते हुए 16 जनवरी से भूख हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। सभा की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की, जबकि मंच का संचालन महासचिव सोमवीर पूनिया ने किया। बैठक के दौरान महासचिव ने प्रशासन के उस फैसले का कड़ा विरोध किया जिसमें उत्तरपुस्तिका मुद्रण का कार्य पुरानी पद्धति के अनुसार प्रकाशन शाखा को नहीं सौंपा जा रहा है। इस दौरान संगठन के प्रधान को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस की निंदा की। महासचिव ने कहा कि यदि अगले दो दिनों के भीतर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया और दमनकारी नोटिस वापस नहीं लिए गए तो बोर्ड के सभी कर्मचारी 16 जनवरी से सामूहिक आंदोलन शुरू करेंगे और भूख हड़ताल पर बैठेंगे।



## ग्रीन मिडोज स्कूल में स्थापना दिवस पर हवन



**चरखी दादरी।** गांव चरखी स्थित ग्रीन मीडोज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापना दिवस पर हवन व यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी ने पूर्ण आहुति अर्पित करते हुए माता सरस्वती व परमात्मा से प्रार्थना की। इसी प्रकार संस्थान बच्चों के सर्वांगिण विकास में अपना योगदान यथा संभव देता रहे। गौरतलब है कि समस्त अभिभावकों के सहयोग से संस्थान 24 वर्ष पूरे कर चुका है। इसी उपलक्ष्य में विद्यालय के परिसर में पंडित सुरेंद्र शर्मा द्वारा हवन का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल सुरेश कुमार, योगेन्द्र, अरविंद, रविंद्र, रणजीत, रमन, विकास, नरेश, बबीता, सुनीता, कविता पुष्पा, आदि उपस्थित थे।

## 41 दिवसीय जलधारा तपस्या पर भंडारा 22 को

**भिवानी।** एमसी कॉलोनी स्थित श्रीत्रिवेणी धाम नवग्रह शनिदेव मंदिर में 15 से 21 जनवरी तक श्रीमद्भागवत अमृत वर्षा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन त्याग और साधना की पराकाष्ठा का उत्सव है। यह कार्यक्रम महंतश्री ओमनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। विशेष बात यह है कि महंतश्री के परम शिष्य संतुनाथ महाराज ने जन-कल्याण और आध्यात्मिक जागृति के लिए 41 दिवसीय कठिन जलधारा तपस्या पूर्ण होगी। इसी तपस्या की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में इस सात दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु महेश चौहान ने बताया कि संतुनाथजी महाराज द्वारा जारी 41 दिवसीय जलधारा तपस्या का समापन 22 जनवरी को होगा।





## दुष्कर्मी और उसके साथी को 20 वर्ष का कारावास

**भिवानी।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) सुरुचि अटरेजा सिंह की न्यायालय द्वारा अपहरण, दुष्कर्म एवं आपराधिक धमकी के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर दो आरोपियों को कठोर दंड से दंडित किया गया है।

इस संबंध में पीड़िता के पिता ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को स्कूल से घर लौटते समय जबरन अपहरण कर सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया । इसी मामले में न्यायाधीश ने मुकेश पुत्र जोगीराम बलियाली व कर्ण सिंह पुत्र रतनलाल को 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## भीम स्टेडियम में 28 जनवरी से 12 फरवरी तक होगी सैनिक भर्ती रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सेना भर्ती कार्यालय दादरी कर्नल के. संदीप ने बताया कि भिवानी भीम स्टेडियम में 28 जनवरी से 12 फरवरी तक सेना भर्ती कार्यालय दादरी द्वारा अग्निवीर और स्थायी श्रेणी के विभिन्न पदों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली उन अभ्यर्थियों की है, जिन्होंने सीईई परीक्षा जून 2025 में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए करीब चार बजे भीम स्टेडियम में युवाओं की एंट्री होगी। भर्ती में शामिल युवाओं का मेजरमेंट, डॉक्यूमेंट चैक, मेडिकल फिटनेस टेस्ट तथा दौड़ होगी।

दौड़ चिकित्सकों की मौजूदगी में होगी। जो उम्मीदवार शारीरिक दक्षता और मापदंड परीक्षा पास होगें, उन्हें अगले चरण के लिए चुना जाएगा। उन्होंने बताया कि भर्ती में अग्निवीर जीडी, क्लर्क, स्टोर कीपर, टेक्निकल और ट्रेड्समैन के पद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने एक या एक से अधिक श्रेणियों में पंजीकरण किया और सामान्य प्रवेश परीक्षा पास की, उनके लिए एक ही बार दौड़ में भाग लेने की अनुमति होगी, ऐसे उम्मीदवारों के लिए एक ही एडमिट कार्ड मिलेगा, जिसमे सभी श्रेणियों को दर्शाया होगा।

### ये दस्तावेज लाने होंगे

कर्नल के. संदीप ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे, जिनमें मार्कशीट, निवास प्रमाण पत्र , चरित्र प्रमाण पत्र, पुलिस वेरिफिकेशन, एनसीसी, खेल प्रमाण पत्र, सेना से सम्बंधित प्रमाण पत्र और एडमिट कार्ड शामिल हैं। उसके अलावा उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए ऑफिसियल नोटीफिकेशन को भी जरुर चेक कर लें, इसकी सूचना लिखित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के पंजीकृत ईमेल आईडी पर भी भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं का ड्रग टेस्ट भी होगा। गैर कानूनी गतिविधि करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



## 30 मीटर दौड़ में नेहा दगड़ौली ने मारी बाजी

**बाढ़ड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव चांदवास में महिला खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया। एसडीएम आशीष सांगवान ने साइकिल रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। खंड स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा में दो आयु वर्गों में हुई, जिसमें 17 से 30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर प्रमिला देवी और द्वितीय स्थान पर सुमनलता कारी रही। 17 से 30 वर्ष आयु वर्ग में 30 मीटर दौड़ में प्रथम नेहा दगड़ौली, द्वितीय अंकिता चांदवास एवं तृतीय मोनू ऊण रहीं। 400 मीटर दौड़ में प्रथम प्रीति, द्वितीय अनु शर्मा डुडीवाला एवं तृतीय सुषमा डुडीवाला रहीं।

**कार्रवाई** 51 व 52 नम्बर से भूमि का न करें इकरारनामा

# अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का हथौड़ा

गांव बलियाली में सात एकड़ में काटी गई थी कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

करीब तीन दिनों तक शांत रहने के बाद मंगलवार को डीटीपी विभाग का अवैध कॉलोनियों पर हथौड़ा चला। विभाग की इस तरह की कार्रवाई के बाद अवैध काटने वाले लोगों में हड़कम्प मच गया। लोगों ने विरोध किया,लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। उसके बाद दस्ते ने वहां पर काटी गई सारी कॉलोनी के निर्माणों को गिरा दिया। इस दौरान डीटीपी ने लोगों से बलियाली के खसरा संख्या 51 व 52 में किसी तरह की भूमि न खरीदने तथा निर्माण न करने की हिदायत जारी की है। नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिला भिवानी नियंत्रित क्षेत्र गांव बलियाली में बवानीखेड़ा-तोशाम रोड़ पर लगभग सात एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से निर्माण, कच्चे रोड़ नेटवर्क, डीपीसी व डिमार्केशन आदि अवैध निर्माण को तोड़ा गया। डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार ड्यूटी मैजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में गांव बलियाली में बवानीखेड़ा-तोशाम रोड़ पर लगभग सात एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया।



### बहकावे में न आएं

इस दौरान लोगों को समझाया गया कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं व अवैध कालोनियों में प्लॉटों का क्रय-विक्रय ना करें। नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने काअभियान निरंतर जारी रहेगा। तहसील बवानीखेड़ा के मौजा बलियाली में भिवानी-तोशाम रोड़ पर खसरा नंबर 51//4/2, 5, 6, 7, 14, 15, 52//1/2, 10/1, 11/2 में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। इस क्षेत्र में उपरोक्त खसरा नंबर में किसी भी प्रकार का निर्माण व किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त व इकरारनामा ना करे। शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 जिला भिवानी में लागू है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानदारों व रेहड़ी पटरी संचालकों के चालान काटे

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एचएसपीसीबी और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने पॉलिथीन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग करने वाले विक्रेताओं के ठिकानों पर छापे-मारी अभियान चलाया। एचएसपीसीबी भिवानी की टीम का नेतृत्व एसडीओ विकास ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर बैनर आदि प्रचार सामग्री लगाकर आमजन व दुकानदारों को पॉलिथीन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने बारे जागरूक किया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग या बिक्री करते पाए गए कई दुकानदारों व रेहड़ी-पटरी संचालकों के चालान भी काटे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर लगाए गए।




## खबर संक्षेप



### सीबीएलयू में मनाया लोहड़ी का त्योहार

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय प्रेमनगर स्थित नए कैंपस व ओल्ड कैंपस में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कमचारियों द्वारा कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज के संग लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया और विवि के सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

### मकर संक्रांति बसंत के आगमन का संकेत

**भिवानी।** भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, पोंगल, भोगाली बिहू, उत्तरायण और पौष पर्व के त्योहार फसलों की कटाई के मौसम को चिह्नित करते हैं, क्योंकि सर्दियों का मौसम समाप्त होता है और वसंत ऋतु की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि यह न केवल भारतीय विविधता का उदाहरण है बल्कि हमारे देश की विविधता में एकता का भी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति बुजुर्गों एवं गरीबों का सम्मान , दान, मीठा भोजन खाने व खिलाने तथा आपसी भाईचारे का महापर्व है।

### भाई चारे की मिसाल कायम करती है लोहड़ी

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को स्टाफ सदस्यों द्वारा लोहड़ी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय गोयल, महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों एवं छात्र छात्राओं ने लोहड़ी कि अग्नि के समक्ष अपनी संस्कृति के अनुरूप । कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से लोहड़ी का गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि लोहड़ी मिलन सर्दी की विदाई और बसंत ऋतु के आगमन का पर्व है। उन्होंने कहा कि समाज में सामन्जस्य लाने के लिए परंपरागत त्यौहारों का मनाया जाना बहुत जरूरी है।

### महिलाओं को दी विभिन्न स्कीमों की जानकारी

**बहल।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बहल आंगनबाड़ी केन्द्र में बीबीबीपी स्कीम के तहत बेटियों के नाम लोहड़ी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने लोहड़ी पर्व पर गीत गाए । महिलाओं को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों की जानकारी देकर उनको लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मंगलवार को हुए कार्यक्रम में सुपरवाइजर रीतू नागर मुख्यातिथि रही। रीतू नागर ने कहा कि विभाग द्वारा महिलाओं को उनके स्वास्थय के प्रति जागरूक करने के लिए समय समय पर अभियान चलाए जाते हैं। सुपरवाइजर रीतू ने कहा कि लोहड़ी पर्व उत्साह, उमंग और नवाचार का प्रतीक है।

### पार्षद विनोद के जन्मदिन को बनाया सेवा का पर्व

**भिवानी।** वार्ड 25 के पार्षद विनोद प्रजापति के 49वें जन्मदिन के अवसर पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा एक सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को फटका पहनाकर सम्मानित किया गया व कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य उन कर्मयोगियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना था, जो प्रतिदिन शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विनोद प्रजापति, संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व संस्था के योगाचार्य जेई बिजेश जावला ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर के असली नायक हैं। वे हर परिस्थिति और हर मौसम में बिना रुके अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। जन्मदिन जैसे अवसर को सेवा से जोड़कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना ही सच्चा उत्सव है।

## जिलेभर के स्कूल-कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं में रही कार्यक्रमों की धूम

# लोहड़ी सर्द ऋतु की विदाई, नई फसल की खुशी और सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक:विजय शर्मा

*बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा से चार-चांद लगा दिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिलेभर के स्कूल-कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं में लोहड़ी पर्व पर कार्यक्रमों की धूम रही। सभी ने अपने-अपने तरीक से त्योहार मनाया। कहीं प्रसाद और गर्म वस्त्र बांटे तो तो कहीं लोगों ने लोहड़ी के गीतों पर खूब मस्ती की।

आस्था स्पेशल स्कूल में लोहड़ी पर्व को पर्व पर विशेष भावनात्मक और प्रेरणादायी वातावरण में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना ही नहीं, बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना रहा। बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर ये संदेश दिया कि प्रतिभा एवं आनंद किसी भी सीमा में बंधे नहीं होते। संस्था संस्थापक विजय शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लोहड़ी पर्व सर्द ऋतु के विदाई, नई फसल की खुशी और सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व प्रकाश, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देता है, ये कृषि प्रधान समाज का पर्व है, जिसमें अग्निदेव की उपासना कर जीवन में सुख, समृद्धि की कामना की जाती है।



**भिवानी।** लोहड़ी पर्व पर खुशी से झूमते दिव्यांग विद्यार्थी, शिक्षक व अन्य।

### मकर संक्रांति पर जेसीआई ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े



**भिवानी।** विद्यार्थियों को गर्मवस्त्र वितरित करते जेसीआई के सदस्य।

जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को समाजसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था ने नंदगांव स्थित राजकीय आईटीआई में गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को राहत पहुंचाना था। जेसीआई के मीडिया प्रभारी ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व दान-पुण्य के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी परंपरा को निभाते हुए जेसीआई भिवानी स्टार के सदस्यों ने भारी संख्या में बच्चों के लिए स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अनुभवी पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से संरक्षक जेसी गोपाल अग्रवाल, अध्यक्ष जेएफएम संदीप अग्रवाल, महासचिव जेसी श्याम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जेसी मनोज सैनी, जेसीआरटी चेयरपर्सन जेसी कल्पना गोयल, जेजे प्रेसिडेंट जेजे पारुल गोयल आदि मौजूद रहे।

### क्रोध, लोभ, मोह, घृणा, नफरत एवं अहंकार का करें त्याग: बीके मधु

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य भवन रूद्रा कॉलोनी में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बीके रजनी दीदी ने इनका आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि ठिठुरती हुई सर्दी में आने वाले इन त्योहारों को आग जलाकर, गर्म कपड़े दान करके, पतंग उड़ाकर और रेवड़ी, मूंगफली बांटकर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर आत्मा नाउम्मीदी की ठंडी में ठिठुरती नजर आती है, कोई काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, नफरत, अहंकार जैसे विकारों, संबंधों में टकराव, बुरी लतों व जीवन में मिल रही असफलताओं से समस्याओं से घिरा हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम खुद को परमपिता परमात्मा के साथ छोड़कर उसकी याद की अग्नि से अपनी कमी कमजोरियों को भस्म कर, विकारों को मिटाकर, खुद में शक्तियों की गर्माहट को भरते हुए औरों को दुआएं देते हुए उनमें आशा का नया दीपक जलाकर नाउम्मीदी की ठंड से बचा सकते हैं और जैसे रेवड़ी तिल, गुड़ या चीनी से मिलकर बनती है, ऐसे ही हम भी आपस मिल जुलकर जीवन के हर क्षेत्र में आने वाली परिस्थिति रूपी पेपर को पार कर पतंग की भांति उड़ते हुए सफलता रूपी आसमां को छू सकते



हैं और अपने साथ औरों के जीवन को भी सुख-शांति व खुशहाली से भरपूर बना सकते हैं। अहमदाबाद से आई राजयोगिनी बीके मधु दीदी ने भी सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी और राजयोग के बारे में अपना अनुभव सांझा करते हुए कहा कि परमात्म दया हर सूली को कांटा बना देती है, पहाड़ को राई और राई से भी रूई बना देती है तो हर किसी को अपने जीवन में एक बार इस राजयोग की अनुभूति अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर बीके रमा, बीके नीलम, बीके राजकुमार, बीके विनती, बीके रोनित आदि मौजूद रहे।

### भाईचारे का महत्व सिखाते हैं लोहड़ी और मकर संक्रांति: डॉ. राजेश



आदर्श शिक्षण संस्थान निदेशक डॉ. राजेश श्योराण व डॉ. सरिता श्योराण ने लोहड़ी पर्व के कार्यक्रम का अग्नि प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने कहा लोहड़ी का पर्व मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा में मनाया जाता है, ये त्योहार सर्द ऋतु के अंत और नई फसल के स्वागत का प्रतीक है। मकर संक्रांति का त्योहार पूरे भारत में अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे उत्तरायण की शुरुआत माना जाता है। लोहड़ी और मकर संक्रांति दोनों ही त्योहार हमें प्रकृति, कृषि और आपसी भाईचारे का महत्व सिखाते हैं, ये पर्व हमें मेहनत का सम्मान करना और खुशी को सभी के साथ बांटना सिखाते हैं। लोहड़ी त्योहार फसल पकने और अच्छी खेती के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। सूर्य के प्रकाश व अन्य प्राकृतिक तत्वों से तैयार हुई फसल के उल्लास में लोग एकजुट होकर यह पर्व मनाते हैं। इस अवसर पर लोग अग्निदेव को रेवड़ी व मूंगफली अर्पित कर आपस में वितरित करते हैं। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ. सरिता श्योराण, प्रिंसिपल शारदा शर्मा, अनीता वर्मा, ज्योति शर्मा, डॉ. हरिकिशन शर्मा, रिंकू कुमार, संदीप, मोहम्मद नसीम, विनोद आदि मौजूद रहे।

## युवाओं के प्रेरणास्रोत थे स्वामी विवेकानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न कर लो, स्वामी विवेकानंद के इन प्रेरणादायी विचारों को आत्मसात कर डोभी तालाब स्थित स्वामी विवेकानंद छात्रावास में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम में छात्रावास समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रवीन गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समाजसेवी प्रवीन गर्ग ने कहा कि स्वामीजी सच्चे अर्थों में 7उनका संपूर्ण जीवन युवाओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और राष्ट्रसेवा की दिशा में प्रेरित



करता है। गर्ग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को नकारात्मकता से दूर रखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मबल से परिपूर्ण बनाते हैं। स्वामीजी व्यक्ति को अनंत शक्ति का स्रोत मानते थे और उनका मानना था कि मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है, इसलिए हमें सदैव सकारात्मक और रचनात्मक विचारों को अपनाना चाहिए। गर्ग ने स्वामीजी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि हम वहीं हैं जो हमारे विचारों ने हमें बनाया है, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने विचारों की दिशा सही रखें।

## श्रीश्याम दीवाना मंडल नांगल के पंजीकरण पर बनी सर्वसम्मति

**भिवानी।** गांव नांगल में धार्मिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा गया। गांव में आयोजित विशेष बैठक में समस्त 36 बिरादरी के लोगों ने हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से श्री श्याम दीवाना मंडल नांगल को पंजीकृत करवाने का निर्णय लिया। बैठक की शुरुआत बाबा मोहनदास महाराज, बाबा जोतनाथ महाराज और श्रीबालाजी महाराज के जयकारों के साथ हुई। मंडल के अध्यक्ष सत्यवान सिंह नांगल ने कहा कि श्रीश्याम दीवाना मण्डल नांगल किसी व्यक्ति या समूह का नहीं है, बल्कि यह समस्त नांगलवासियों की अपनी संस्था है। गांव का प्रत्येक निवासी इसका सदस्य है।

## प्रत्येक दिन अलग-अलग रोगों के विशेषज्ञ करेंगे मरीजों की जांच

### डेरा सच्चा सौदा में शुरू हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर, 17 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

परमपिता शाह सतनाम महाराज के एमएसजी अवतार महीने की खुशियों के उपलक्ष्य में डेरा सच्चा सौदा द्वारा मानवता भलाई के कार्यों की एक और कड़ी जोड़ते हुए शाह सतनाम जी स्पेशलिटी हॉस्पिटल सिरसा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। सोमवार को शिविर के पहले दिन कान, नाक व गला रोगों से संबंधित मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच की। भिवानी ब्लॉक सेवादार राजू इन्सां ने बताया कि हर वर्ष परमपिता शाह



सतनामजी महाराज का पावन अवतार माह डेरा सच्चा सौदा द्वारा 170 मानवता भलाई के कार्यों के माध्यम से मनाया जाता है और इसी श्रृंखला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

#### सेवा का लाभ उठाएं

भिवानी ब्लॉक सेवादार राजू इन्सां ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर श्रृंखला के अंतर्गत पूरे सप्ताह अलग-अलग रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, ताकि अधिक लोग लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को ऑर्थो (हड्डियों संबंधी रोग) जांच, 15 जनवरी को स्त्री रोग विशेषज्ञ जांच, 16 जनवरी को कार्डियो (दिल के रोग) जांच एवं 17 जनवरी गठिया (जोड़ों के दर्द) जांच का शिविर आयोजित किया जाएगा।

### रोहतक रेंज सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में टीआईटी विद्यालय का दबदबा




**भिवानी।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित रोहतक रेंज स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीआईटी वमा विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन का लोहा मनवाया है। 12 जनवरी को हुई प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों स्तरों की टीमों ने न केवल शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि पुरस्कार जीतकर जिले और रेंज का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में लेवल-2 में चिराग, यानिस और जगत सिंह ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचय देते हुए रेंज स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। वहीं लेवल-1 में आलोक, शौर्य और मीरा की टीम उपविजेता रही। लेवल-3 में केशव, प्रशांत और नीरज ने शानदार तालमेल दिखाते हुए दूसरा स्थान पाया। लेवल-4 में टीआईटी कॉलेज के विशेष, चैतन्य और कृष्णा ने भी दूसरा स्थान प्राप्त कर संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

## जिले के युवा मंडलों को बांटी खेल किट

### युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहने का दिया संदेश

- देश को मजबूत करने के लिए युवावर्ग हमेशा रहें तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

माय भारत केंद्र,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान मे नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व माय युवा भारत केंद्र भिवानी द्वारा जारी सात दिवसीय राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दूसरे चरण में यूथ हॉस्टल में जिलेभर से पहुंचे युवा मंडलों को खेल किट भेंट की, ताकि युवा खेलों के साथ ग्रामीण अंचल में युवाओं को स्वास्थ्य रूप से मजबूत रख सकें। इस मौके पर युवाओं को नशे



जैसी बुराई से दूर रहने का संदेश दिया। दूसरे चरण के कार्यक्रम बतौर मुख्यतिथि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने शिरकत की। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा, जिला युवा पुरस्कार विजेता संदीप कुमार लोहारू, रीतिक वधवा, राजकुमार कांटिया, समाजसेवी प्रवीण गोलागढ़, धर्मसेना धूपसिंह, खेल जगत से रामपाल पहलवान, राष्ट्रीय एकता पुरस्कार विजेता कमल कुमार, राज्य पुरस्कार विजेता अनीता देवी, देवराला युवा क्लब प्रधान संदीप देवराला आदि उपस्थित रहे।

### समागम का दिव्य आयोजन

## भक्ति केवल शब्द नहीं, जीवन जीने की सजग यात्रा : सुदीक्षा

**तोशाम।** भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है” यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने हरियाणा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित ‘भक्ति पर्व समागम’ के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास की अनुपम छटा देखने को मिली। दिल्ली एनसीआर सहित देश-विदेश से पधारे हजारों श्रद्धालु भक्तों ने इस दिव्य संत समागम में सहभागिता करते हुए सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद एवं आत्मिक शांति की अनुभूति प्राप्त की। इस पावन अवसर पर परम संत संतोख सिंह सहित अन्य संत महापुरुषों के तप, त्याग एवं उनके ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया।

### राजपूत बाहुल्य इलाका

## तिगड़ाना मोड़ का नाम महाराजा अनंगपाल तंवर रखा जाए:मड्डू

**भिवानी।** वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि तिगड़ाना मोड़ का नाम महाराजा अनंगपाल सिंह तंवर के नाम पर रखा जाए। क्योंकि उक्त इलाका राजपूत बाहुल्य है और महराजा अनंगपाल सिंह तंवर के वंशज है। साथ ही महाराजा अंनगपाल ने उक्त इलाके विकास के लिए अनेक कार्य करवाए थे,जिसके चलते उक्त इलाका आज पूरी तरह से सम्पन है।



परमजीत सिंह

इस मांग को लेकर जल्द ही गांव तिगड़ाना, जाटू लोहारी व बापौडा के लोग सीएम नायब सिंह सैनी से भी मुलाकात करेंगे। वे आज गांव तिगड़ाना में आयोजित बैठक में लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन तीन गांवों की ही नही अन्य गांवों की भी महाराजा अंनगपाल सिंह तंवर से आस्था जुड़ी है। तिगड़ाना मोड़ पर सरकार द्वारा बनाई जा रही गौशाला का नाम बाबा परमहंस छोरा वाला रखा जाए। उन्होंने बताया कि महाराजा अंनगपाल सिंह तंवर ने भिवानी ही नहीं बल्कि महम, हांसी, हिसार में किले भी उन्हीं की देन है।

### सामाजिक मुद्दों की अनदेखी सरकारी तंत्र की बड़ी विफलता: अनीता

## शिक्षा मूल्यों का भावी पीढ़ी में हस्तांतरण:विरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला भिवानी द्वारा विजय नगर स्थित अध्यापक भवन में जिला स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इस कन्वेंशन का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यप्रणाली की जवाबदेही तय करना और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना था। कन्वेंशन की अध्यक्षता जिला ऑडिटर अनिता कुमारी ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव सुमेर आर्य ने किया। सभा के मुख्य वक्ता कामरेड विरेंद्र मलिक और राज्य उपमहासचिव



हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सम्मेलन को संबोधित करते शिक्षक नेता।

कृष्ण नैन रहे। मुख्य वक्ता कामरेड विरेंद्र मलिक ने अपने संबोधन में जवाबदेही कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामाजिक मुद्दों की अनदेखी सरकारी तंत्र की सबसे बड़ी विफलता है। संगठन को ईमानदार, पारदर्शी और अनुशासित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही व्यापक जन समर्थन जुटाया जा सकता है। राज्य महासचिव कृष्ण नैन ने शिक्षा के मूल अर्थ को परिभाषित करते हुए कहा कि शिक्षा मानव समाज के अनुभवों और मूल्यों का भावी पीढ़ी में हस्तांतरण है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि शिक्षा का बाजारीकरण हो रहा है।

#### शिक्षा का पूर्णतः सार्वभौमिकीकरण हो

शिक्षा का अवसर अमीर-गरीब, नेता-अधिकारी सभी के बच्चों को एक समान मिलना चाहिए। यह तभी संभव है जब शिक्षा का पूर्णतः सार्वभौमिकीकरण हो। कन्वेंशन के अंत में जिला सचिव सुमेर आर्य ने सरकार की हालिया नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने मुख्य रूप से दो मुद्दों पर आपत्ति जताई, जिनमें उन्होंने सरकारी स्थानांतरण नीति में 15 साल के ब्लॉक की शर्त को तर्कहीन बताया तथा 2010 से पहले नियुक्त अध्यापकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा लागू करने के निर्णय को शिक्षकों और बच्चों की शिक्षा के लिए हानिकारक बताया। अध्यापक संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकार ने इन अव्यावहारिक निर्णयों को वापस नहीं लिया।